**संख्या- 17 / 2016 / 748 / 30-3-16-03बी / 2016**

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ ख़ाँ,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,

उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0,

बायां तट, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 17 मार्च, 2016

विषय- सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय- हाथरस के पूर्व निर्मित कार्यालय भवन में सारथी हॉल के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था का नामांकन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय- हाथरस के पूर्व निर्मित कार्यालय भवन में सारथी हॉल के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 से कार्य कराने का निर्णय लिया गया है।

2- उक्त कार्य हेतु परिवहन आयुक्त के माध्यम से यूपी स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन लि0 द्वारा प्रारम्भिक आगणन रू0 167.12 लाख गठित कर उपलब्ध कराया गया है। उक्त प्रारम्भिक आगणन की प्रति मूलरूप में संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त प्रारम्भिक आगणन के आधार पर प्रश्नगत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अपनी सहमति शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त (मूलरूप में) वापसी अपेक्षित।

भवदीय,

(मुहम्मद अख़लाक़ ख़ाँ)
विशेष सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in